प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 05.10.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

आईआईटी–भुवनेश्वर में लगभग 5 करोड़ रूपये की लागत से नमो सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला स्थापित की जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी मंजूरी दे दी है। इस प्रयोगशाला में सेमीकंडक्टर प्रशिक्षण, डिज़ाइन और निर्माण के लिए आवश्यक उपकरण और सॉफ्टवेयर उपलब्ध होंगे। मंत्रालय के अनुसार, इस प्रयोगशाला में युवाओं को उद्योग के अनुकूल कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह लैब देश में बढ़ते सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम के लिए उत्प्रेरक का काम करेगी जिससे मेक इन इंडिया तथा डिज़ाइन इन इंडिया पहलों को बढ़ावा मिलेगा।

****

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड में जमीन के लंबित म्यूटेशन मामलों को लेकर हेमंत सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि झारभूमि पोर्टल के डाटा ट्रांसफर के बाद भी आवेदन खोलने में 15–20 मिनट लग रहे हैं और रांची जिले में करीब 18 हजार मामले लंबित हैं। श्री मरांडी ने आरोप लगाया कि सीओ को रिश्वत या जमीन का हिस्सा नहीं मिलने के कारण मामले अटके हैं और उन्होंने सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का तंज कसा।

****

जामताड़ा जिले के प्रखंड कार्यालय परिसरों में उपायुक्त द्वारा कैंप का आयोजन कर लोगों की समस्याओं को दूर किया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

लातेहार के बेतला नेशनल पार्क को प्रजनन काल के बाद आज पर्यटकों के लिए खोल दिया गया। इसका उद्घाटन पलामू टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक प्रजेशकांत जेना की मौजूदगी में एक छात्र ने किया। बेतला नेशनल पार्क में अब पर्यटक हाथी, हिरण, भालू सहित दुर्लभ वन्यजीवों को देखने के साथ सफारी और गाइड सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

****

भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाशपति मिश्र की जयंती पर आज रांची के बिरसा चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद आदित्य साहू और अन्य नेता मौजूद रहे। इस अवसर पर श्री मरांडी ने कहा कि कैलाशपति मिश्र उनके राजनीतिक अभिभावक थे, जिन्होंने उन्हें राजनीति की दिशा और कार्यकर्ताओं से जुड़ाव का महत्व सिखाया।

****

मौसम विभाग ने रांची, बोकारो, धनबाद, खूंटी, रामगढ़, और सिमडेगा जिले के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए अगले तीन घंटे के अंदर इन जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश के साथ मेघ गर्जन की संभावना जताई है। साथ ही 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने लोगों से पेड़ के नीचे या बिजली के खंभों से दूर रहने और सुरक्षित स्थान पर शरण लेने की सलाह दी है।

****

महिला एकदिवसीय क्रिकेट विश्वकप में, आज भारत और पाकिस्तान का मैच कोलंबो में होगा। भारतीय समय के अनुसार यह मैच दोपहर अब से कुछ देर में खेला जायेगा। दोनों देशों के बीच अब तक के सभी 11 एकदिवसीय मुकाबले भारत ने जीते हैं।

****